PHYSICS SOCIETY GC BILASPUR

**DEPARTMENT OF PHYSICS**
**GOVT. COLLEGE BILASPUR (HP)**

Estd. 1952

## ❖ National Science Day

National science Day was celebrated on 28th Februrary 2025. In this event the students and teachers of whole science stream were present. Various activities like poster making, model making and declamation were performed on the theme "Empowering Indian Youth for Global Leadership in Science and innovation for VIKSIT Bharat". The Principal, Dr. P.S. Kutwal delivered a thought provoking lecture and encourage the students to keep on participating in such events.



# अनुशासन, परिश्रम और धैर्य ही सफलता की है कुंजी : प्राचार्य

**बिलासपुर कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, प्राचार्य ने छात्रों को किया संबोधित**



राजकीय कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों की ओर से बनाए गए चार्ट का अवलोकन करते प्राचार्य। स्वाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की और छात्रों को नवाचार एवं हरित तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने जिज्ञासा, विश्लेषणात्मक सोच और समस्या समाधान कौशल के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को क्यों, कब, कैसे जैसे प्रश्न पूछने की आदत डालने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान की सभी शाखाएं एक-दूसरे से जुड़ी और परस्पर निर्भर हैं। उन्होंने अनुशासन, परिश्रम और धैर्य को सफलता की कुंजी बताया। रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणजीत कौशल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को विकसित भारत के लिए सशक्त बनाना और उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

भौतिकी विभाग की प्रो. डॉ. मोनिका ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महिलाओं की विज्ञान में भागीदारी, रोबोटिक्स, कंप्यूटिंग और अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) जैसे विषयों पर चर्चा की। इस उपलक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग, वर्किंग मॉडल, भाषण और पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

वनस्पति विभाग के विद्यार्थियों ने मशरूम की कल्टीवेशन और उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। विज्ञान संकाय के डॉ. सर्गोल, डॉ. कुलदीप चावला, प्रो.

## डाइट जुखाला में प्रशिक्षण के लिए चुने गए तेजवीर, लक्ष्य, शिवांश



रघुनाथपुरा स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के मॉडल का अवलोकन करते मुख्यातिथि।

बिलासपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रघुनाथपुरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने की।

समारोह में एसएमसी प्रधान महेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्रों ने विभिन्न विज्ञान मॉडलों और प्रयोगों का प्रदर्शन किया, जिससे उनकी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण उजागर हुआ।

जूनियर वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल और विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। जबकि सीनियर वर्ग में

### रघुनाथपुरा पाठशाला में हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

कक्षा नौवीं से बारहवीं तक विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक प्रयोग और नवाचार प्रस्तुत किए। वर्ग में तेजवीर, लक्ष्य और शिवांश का चयन डाइट जुखाला में प्रशिक्षण के लिए हुआ है।

यह चयन उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। कार्यक्रम में अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों और प्रयोगों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रवीन भारद्वाज, डॉ. प्रियंका, डॉ. रितु शर्मा, प्रो. सोनिया, प्रो. जयचंद, प्रो. राकेश कपूर, प्रो. कचन बाला, सुमन लता आदि उपस्थित रहे। संवाद

HOD
DEPTT. OF PHYSICS

PRINCIPAL
GC BILASPUR (HP)

Scanned with OKEN Scanner